म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स भोपाल

क/बी-6/नियमन/सेंधवा/अ.नाका/1165 भोपाल, दिनांक 24/03/2021

प्रति,

1. संयुक्त/उप संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय, ...(समस्त)

2. भारसाधक/सचिव
कृषि उपज मंडी समिति ....(समस्त)

विषयः- प्राइवेट इलेक्ट्रॉनिक तौल काँटों पर लाइसेंस धारी तुलावटियो की ड्यूटी लगाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः- 1. श्री सुनील माली एवं अन्य तुलावटीगण का ज्ञापन दिनांक 10/03/2021, इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 408 दिनांक 26/06/2020

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित ज्ञापन के सम्बन्ध में स्पष्ट किया जाता है कि प्रदेश कि मंडी समितिओं में बड़े इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे BOT आधार पर लगाये गए हैं। तौल कांटे से तुलाई का उद्देश्य मंडी समितियों में पीक सीजन के समय किसानो के अधिक संख्या में मंडी प्रांगण में अपनी उपज विक्रय में अधिक समय ना लगे इसलिए घोष विक्रय के पश्च्यात तुरंत बड़े तौल कांटे पर तुलाई कार्यवाही पूर्ण होकर किसान मंडी से घर जा सके मंडी में अनावश्यक असुविधा न हो।

1/ विभिन्न मंडी समितियों में ऐसी शिकायतें प्रकाश में आ रहीं हैं की किसानो की कृषि उपज बड़े तौल कांटे पर तुलने के बाद भी पुनः छोटे तौल कांटे पर तुलाई की जाकर किसानो से मंडी के अनुज्ञप्तिधारी तुलावटियो द्वारा तुलाई की राशि काटी जाती है।

2/ विभिन्न मंडियो के तुलावटियो द्वारा मंडी बोर्ड के संदर्भित पत्र दिनांक 26/06/2020 में किसानो की कृषि उपज की तुलाई बड़े इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से ही की जाए तथा किसानो से

किसी प्रकार की अतिरिक्त तुलाई की राशि नहीं ली जाकर बड़े इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे की पर्ची को मान्य की जाए।

3/ तुलावटियो द्वारा उक्त आदेश के जारी होने से तुलावटी बेरोजगार हो रहे हैं इस हेतु पूर्वतः कार्य पर तुलावटियो को रखने की मांग की गई है।

उपरोक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए किसानो को कृषि उपज की तुलाई दुबारा न देनी पड़े, तथा बड़े इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से कृषि उपज का सही तौल किसानो को मिल सके, किसानो को पूर्ण सुविधा प्राप्त हो, के उद्देश्य से इस कार्यालय द्वारा जारी पत्र क्रमांक 408-409 दिनांक 26/06/2020 को यथावत माना जावे।

(अपर संचालक के अनुमोदन से)।

संयुक्त संचालक (नियमन)
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

क/बी-6/नियमन/सेंधवा/अ.नाका/1166

भोपाल, दिनांक 24/03/2021

प्रतिलिपिः-

1. निज सहायक प्रबंध संचालक म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
2. श्री सुनील माली एवं अन्य तुलावटीगण का ज्ञापन दिनांक 10/03/2021, के तारतम्य में सूचनार्थ।

संयुक्त संचालक (नियमन)
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल